तापमान
अधिकतम 38.0 डिग्री
न्यूनतम 19. 0 डिग्री

हरिभूमि
जांजगीर-चांपा भूमि

बिलासपुर, गुरूवार, 14 मार्च 2024

अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा |जैजैपुर| डभरा | सक्ती

4 आंबा केन्द्रों के निरीक्षण के दौरान लापरवाही सामने आने पर की जाएगी



खबर संक्षेप

सक्ती के नए कलेक्टर तोपनो ने लिया चार्ज

सक्ती। जिले के नये कलेक्टर अमृत विकास तोपनो ने आज पदभार संभाल लिया है। उन्होंने आज जिला कलेक्टर कार्यालय जेठा में अपना चार्ज लिया। वह जिले में दूसरे कलेक्टर के रूप में नियुक्त हुए है। श्री तोपनो 2014 बैच के आईएएस अधिकारी हैं। इससे पूर्व कलेक्टर अमृत विकास तोपनो मुख्य कार्यपालन अधिकारी छत्तीसगढ़ राज्य जलग्रहण क्षेत्र प्रबंधन का पदभार संभाल रहे थे।



भारद्वाज होंगे नए जिला शिक्षा अधिकारी, भारती बनी प्राचार्य

जांजगीर-चांपा। स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा थोक में जिला शिक्षा अधिकारी का तबादला किया गया है। इसके तहत बिलासपुर जिले के मस्तूरी में पदस्थ विकासखंड शिक्षा अधिकारी अश्वनी भारद्वाज को जांजगीर चांपा जिले का नया डीईओ बनाया गया है, वहीं जांजगीर डीईओ भारती वर्मा को सरगुजा जिले में नवानगर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में प्राचार्य की जिम्मेदारी दी गई है।

जिले में संचालित प्रिंटिंग प्रेस संचालकों की बैठक आज

जांजगीर-चांपा। आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 प्रयोजनार्थ जिले में संचालित सर्व प्रिंटिंग प्रेस संचालकों की बैठक 14 मार्च को अपरान्ह 4 बजे जिला कार्यालय सभाकक्ष में आयोजित किया गया है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी संबंधितों को बैठक में उपस्थिति अनिवार्यतः सुनिश्चित करने कहा है।

टेनिस बाल क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन आज

जांजगीर-चाम्पा। एससीसी क्रिकेट क्लब के तत्वाधान मे आयोजित टेनिस बाल क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन गुरूवार 14 मार्च को मिनी स्टेडियम बलौदा ब्लाक के ग्राम कमरीद में होगा। मैच का शुभारंभ मंगलवार 27 फरवरी से किया गया था। प्रथम इनाम 20 हजार 1 रूपया एंव कप, दुसरा इनाम 10 हजार 1 रूपया, एंव तीसरा इनाम 5 हजार 1 रूपया एंव कप रखा गया है। समापन समारोह के मुख्य अभ्यागत कामेश्वर धैर्य, केशव राठौर, उमा राजेन्द्र राठौर , देवकुमार यादव, सुनील कश्यप, किर्तन गबेल होगें। आयोजन समिति के पदाधिकारी जुटे हुए है।

अफसरों के तबादले व अनियोजित कार्य विभाजन से बिगड़ी प्रशासनिक व्यवस्था

मुख्यालय में ज्वाइंट व डीसी की फौज, एडीएम को एसडीएम तो तहसील बाबुओं के भरोसे

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जिलें में इन दिनों प्रशासनिक व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गई है। दरअसल जिला मुख्यालय में अनियोजित कार्य विभाजन और अधिकारियों के तबादले के बाद जिस तरह के हालात है, उससे दफ्तरों में रामराज का माहौल बना हुआ है। जिले के एक तहसील में तो कामकाज बाबुओं के भरोसे चल रहा है, तो वहीं कई जगहों पर तहसीलदार व नायब तहसीलदार नहीं है। इधर मुख्यालय में एसडीएम की जिम्मेदारी एडीशनल कलेक्टर को दी गई है। जबकि कलेक्टोरेट में ज्वाइंट और डिप्टी कलेक्टरों की संख्या आधा दर्जन से अधिक है।

गौरतलब है कि शासन द्वारा थोक में अधिकारियों का तबादला किया गया है। इसके अलावा जिले में प्रशासन द्वारा भी व्यवस्था बनाने अफसरों के कार्य विभाजन में फेरबदल की गई है। ऐसे में यहां की प्रशासनिक व्यवस्था एक तरह से चरमरा गई है। मजेदार बात तो यह है कि जिले में 2 अपर कलेक्टर के साथ 5 संयुक्त और 6 डिप्टी कलेक्टर पदस्थ है। इनमें से पामगढ़, चांपा और अकलतरा में डिप्टी कलेक्टर, एसडीएम की जिम्मेदारी संभाल रहे है, तो जिला मुख्यालय जांजगीर में एसडीएम की जिम्मेदारी अपर कलेक्टर को दी गई है। जबकि कलेक्टोरेट में 5 संयुक्त कलेक्टर और 3 डिप्टी कलेक्टर जमे हुए है। इधर जिस



कलेक्टोरेट के दो कक्ष में बैठने वाले अफसरों की नाम पट्टिका।

अपर कलेक्टर को जांजगीर एसडीएम की जिम्मेदारी दी गई है, उसके पास पहले से ही सहायक आयुक्त आदिम जाति कल्याण विभाग की जिम्मेदारी है। ऐसे में अपर कलेक्टर के साथ एसडीएम और सहायक आयुक्त आदिम जाति कल्याण विभाग की जिम्मेदारी संभालनी पड़ रही है। कलेक्टोरेट में डिप्टी और संयुक्त कलेक्टर की संख्या आधा दर्जन से अधिक होने पर हाल यह है कि दो कमरे में दो-दो तीन अफसरों को एक साथ बैठना पड़ रहा है। इधर तहसीलों की स्थिति और भी बदहाल है। सबसे ज्यादा समस्या तहसील कार्यालय शिवरीनारायण में है। शिवरीनारायण तहसील में पदस्थ तहसीलदार अश्वनी चंद्रा और नायब तहसीलदार कुणाल पाण्डेय स्थानांतरित होकर चले गए है। उनके स्थान पर अभी तक नए तहसीलदार ने चार्ज नहीं लिया है। जिसके कारण शिवरीनारायण तहसील का कामकाज ठप हो गया है। पदस्थ बाबू और कम्प्यूटर के कर्मचारी कार्यालय खोलने की औपचारिकता निभाकर चले जाते है। इधर तहसील कार्यालय बलौदा में नायब तहसीलदार का पद खाली है तो पामगढ़ में स्थानांतरण पर से आई नायब तहसीलदार प्रशिक्षण में चली गई है। कुल मिलाकर तहसीलों में जहां तहसीलदार और नायब तहसीलदार के नहीं होने से राजस्व से संबंधी कामकाज प्रभावित हो रहा है।

बना रहे व्यवस्था

शिवरीनारायण में एक नायब तहसीलदार को भेजा जा रहा है। वे शीघ्र कार्यभार ग्रहण करेंगे। बाकी जिला प्रशासन द्वारा व्यवस्था अनुसार अधिकारियों को जिम्मेदारी दी गई है।

-एस.पी. वैद्य,
अपर कलेक्टर
जांजगीर चांपा

बिना अधिकारी के तहसील का निरीक्षण करने पहुंची एसडीएम

शिवरीनारायण। अनुविभागीय अधिकारी जांजगीर चांपा लविना पाण्डेय ने बुधवार को शिवरीनारायण तहसील कार्यालय का आकस्मिक निरीक्षण किया। एसडीएम के तहसील कार्यालय पहुंचने पर अधिवक्ताओं ने तहसील में व्याप्त समस्याओं से अवगत कराते हुए कहा कि शिवरीनारायण तहसील में 4 मार्च से कोई भी तहसीलदार पदस्थ नहीं है। 9 दिनों के बीत जाने के बाद भी आज तक किसी तहसीलदार की पदस्थापना तहसील कार्यालय में नही की गई है। जिससे तहसील मुख्यालय आने वाले लोगो का कार्य प्रभावित हो रहा है। तहसीलदार के नही होने से तहसील में आय,जाति, निवास,फौती नामांतरण, बँटवारे संबंधित केस लंबित पड़े हैं। एसडीएम लविना पाण्डेय ने कहा कि शिवरीनारायण तहसील से संबंधित सभी समस्याओं के सम्बंध में कलेक्टर को अवगत कराया जाएगा और जल्द ही शिवरीनारायण तहसील में तहसीलदार की पदस्थापना की जायेगी। एसडीएम ने तुस्मा में बन रहे नए तहसील कार्यालय भवन का निरीक्षण किया और ठेकेदार को अतिशीघ्र कार्य पूरा करने के निर्देश दिए।



माजदा की टक्कर से आत्मानंद स्कूल के आधा दर्जन बच्चे हुए घायल

जांजगीर एसबीआई मुख्य ब्रांच सामने हुआ हादसा



दुर्घटनाग्रस्त ई रिक्शा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

स्कूल की छुटटी होने के बाद घर जा रहे ई रिक्शा सवार आधा दर्जन छात्रो को माजदा ने ठोकर मार दी घटना में आत्मानंद स्कूल के बच्चे घायल हो गए। जिन्हें उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। वही उपचार के बाद उन्हें छुटटी दे दी गई। माजदा चालक के खिलाफ मामला दर्ज कराया गया है। घटना जांजगीर एसबीआई मुख्य ब्रांच की है।

इस संबंध में सिटी कोतवाली जांजगीर से मिली जानकारी के अनुसार घटना बुधवार 13 मार्च दोपहर 2 बजे की है। जांजगीर स्थित आत्मानंद स्कूल में पढने वाले बच्चे स्कूल की छुटटी होने के बाद ई रिक्शा में सवार होकर स्कूल से कचहरी चौक की ओर जा रहे थे। वे अभी एसबीआई मुख्य ब्रांच के पास ही पहुंचे थे। तभी पीछे से आकर माजदा के चालक ने तेज एंव लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए ई रिक्शा सवार करीब आधा दर्जन छात्रो को ठोकर मार दी। घटना में आत्मानंद स्कूल मे पढने वाले प्राथमिक स्कूल के करीब आधा दर्जन बच्चे घायल हो गए। इधर घटना के अफरा तफरी की स्थिती निर्मित हो गई। वही इस बात की जानकारी पुलिस एंव बच्चो के परिजनो को दी गई। आनन फानन में बच्चो को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती किया गया। घटना के बच्चो एंव ई रिक्शा के चालक को भी चोटे आई है। वही पुलिस ने आरोपी माजदा चालक को गिरफ्तार कर उसे पूछताक्ष शुरू कर दी है।इधर मामले की जानकारी मिलते ही शिक्षा विभाग से जुडे अफसर जिला अस्पताल पहुंचे वही बच्चो का हाल चाल जाना इस बीच अस्पताल प्रबंधन के द्वारा बच्चो का उपचार किए जाने के बाद देर शाम उन्हें छुटटी दे दी गई।

दर्ज कराया गया मामला

स्कूल से छुटटी होने के बाद प्राथमिक स्कूल के बच्चे ई रिक्शा में सवार होकर अपने घर जा रहे थे। इस बीच माजदा के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते वाहन को ठोकर मार दी घटना में आधा दर्जन बच्चे घायल हो गए। घटना को लेकर अपराध दर्ज कराया गया है।

-श्रीमति बैसाखी पारिया,
प्राचार्य, आत्मानंद स्कूल जांजगीर

10वीं व्यावसायिक पाठ्यक्रम परीक्षा में 780 विद्यार्थी शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा



छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित हाई स्कूल/हायर सेकेण्डरी परीक्षा हेतु 10वीं की व्यवसायिक पाठ्यक्रम (आईटी/हेल्थकेयर/आर्गनाईज्ड रिटेलिंग/ब्यूटी एण्ड वेलनेस/ऑटोमोबाइल सर्विस) एवं 12वीं की समाज शास्त्र विषय विषय की परीक्षा सुचारू रूप से संचालित हुई।

जिला शिक्षा अधिकारी कक्षा 10वीं की व्यवसायिक पाठ्यक्रम (आईटी/हेल्थकेयर/ऑर्गेनाइज्ड रिटेलिंग/ब्यूटी एण्ड वेलनेस/ऑटोमोबाइल सर्विस) विषय की परीक्षा में जिले के कुल पंजीकृत 796 मे से 780 विद्यार्थी शामिल हुए। जबकि 16 परीक्षार्थी अनुपस्थित थे। इस परीक्षा में कोई भी नकल प्रकरण दर्ज नहीं किया गया। उन्होंने बताया कि विकासखण्ड अकलतरा में 130, बलौदा विकासखण्ड में 286, बम्हनीडीह विकासखण्ड में 187, नवागढ़ विकासखण्ड में 50, पामगढ़ विकासखण्ड में 127 परीक्षार्थी उपस्थित थे। इसी प्रकार कक्षा 12वीं की समाज शास्त्र विषय की परीक्षा में जिले के विकासखण्ड नवागढ़ में कुल पंजीकृत 15 मे से 15 विद्यार्थी शामिल हुए। इस परीक्षा में कोई भी नकल प्रकरण दर्ज नहीं किया गया।

12वीं की जीव विज्ञान की ओपन परीक्षा में 51 अनुपस्थित

जिले में संचालित हाई स्कूल, हायर सेकेण्डरी स्कूल ओपन परीक्षा 2023-24 हेतु आज कक्षा 12वीं की जीव विज्ञान विषय की परीक्षा सुचारू रूप से संपन्न हुई। जीव विज्ञान विषय की परीक्षा में कुल पंजीकृत 808 में से 757 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हुए। परीक्षा में 51 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहें। पूरक परीक्षा में नकल प्रकरण दर्ज नहीं किए गए हैं।

दो कार में भिड़ंत, दो युवक सहित महिला घायल

रायगढ़। मयंक महोबिया पिता पवन ने खरसिया थाने में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि वह शिक्षक नगर लुचकीपारा वार्ड क्रमांक 07 दुर्ग में रहता है। उसकी कार क्रमांक सीजी 07 सीएल 8211 से वह और उसका ससुर विजय तंबोली, सादु भाई राहुल महोबिया, संध्या महोबिया व उनके दो छोटे बच्चे के साथ दुर्ग से रायगढ जा रहे थे। गाडी को वह स्वयं चला रहा था। करीब 11.55 बजे चपले खरसिया के पास मेनरोड में पहुंचे ही थे कि सामने तरफ से आ रही कार क्रमांक सीजी 13 एआर 6633 के चालक द्वारा तेज एवं लापरवाही पूर्वक चलाते हुए दूसरे गाडी को ओवरटेक करते हुए उसकी कार क्रमांक सीजी 07 सीएल 8211 को सामने से जोर से ठोकर मारकर एक्सीडेंट करने से मेरी गाडी खेत में जा गिरी। गाडी में बैठे ससुर विजय तंबोली, संध्या महोबिया, राहुल महोबिया के हाथ पैर एवं मेरे दाहिने पैर के घुटना के पास चोट लगी है। आरोपी कार सवार कार को मौके पर छोड़ कर फरार हो गया। युवक की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी कार चालक के खिलाफ अपराध दर्ज करते हुए मामले को विवेचना में लिया है।

युवती से गैंगरेप करने वाले दो आरोपियों को 20-20 साल कैद

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

युवती से गैंगरेप करने वाले दो आरोपियों को 20-20 वर्ष की सजा एवं 10-10 हजार रुपए का जुर्माना लगाया गया है। उक्त फैसला अपर सत्र न्यायाधीश शैलेन्द्र चौहान ने सुनाया है। दंड की राशि जमा किए जाने पर 20 हजार रुपए पीड़िता को देने का फैसला सुनाया गया है।



लोक अभियोजक राजेश पांडेय ने बताया कि 22 सितंबर 2022 की दोपहर को युवती अपने घर में अकेली थी, तभी उसके गांव का खीखराम रोहिदास और मनहरण रोहिदास वहां आया। दोनों ने युवती से पीने का पानी मांगा। युवती ने दोनों को पानी लाकर दे दिया। इसके बाद जब वो खाना बनाने के लिए चावल लेने कमरे में गई, तो दोनों युवक उसके पीछे-पीछे कमरे में आ गए और उससे दुष्कर्म किया। दोनों ने पीड़िता को घटना का जिक्र किसी से भी करने पर जान से मारने की धमकी दी। इसके बाद दोनों आरोपी चले गए। पीड़िता ने अपने भाई और गांव के लोगों को घटना की जानकारी दी और थाने में आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई। थाना नवागढ़ में आरोपियों के खिलाफ धारा 450, 376घ, 506, 34 के तहत अपराध दर्ज कर लिया गया। अपराध की गंभीरता को देखते हुए अपर सत्र न्यायाधीश शैलेन्द्र चौहान ने खीखराम रोहिदास उम्र 42 वर्ष और मनहरण रोहिदास उर्फ सिद्धू उम्र 51 वर्ष निवासी ग्राम धाराशिव थाना नवागढ़ को दोषी करार दिया। दोनों दोषियों को धारा 376 घ के अपराध के लिए 20-20 वर्ष का सश्रम कारावास और 10-10 हजार के जुर्माने से दंडित किया। जुर्माना नहीं चुकाने पर दोनों को 10 माह का सश्रम कारावास अलग से भुगतने का आदेश जारी किया गया है। दंड की राशि जमा किए जाने पर 20 हजार रुपए पीड़िता को देने का फैसला सुनाया गया है।

खास बात

- अपर सत्र न्यायाधीश शैलेन्द्र चौहान ने सुनाया फैसला



खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने होली को लेकर होटलों में दी दबिश

जांजगीर-चांपा । होली त्यौहार के मद्देनजर खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम द्वारा होटल, ढाबा एवं किराना दुकानों का औचक निरीक्षण किया जा रहा है। इस दौरान खाद्य सामग्री अमानक स्तर पाए जाने पर कार्रवाई की जाएगी। ज्ञात हो कि खाद्य सुरक्षा अधिकारी अपर्णा आर्या एवं नमूना सहायक शांतनु भट्टाचार्य एवं उनकी टीम द्वारा बुधवार 13 मार्च को चांपा के होटलों में दबिश दी गई। खाद्य एवं औषधि प्रशासन के द्वारा होली त्यौहार को ध्यान में रखते हुए सभी होटलों में किया जा रहा निरीक्षण और मिठाइयों में मिलावट ना करने एवम अधिक कलर का उपयोग न करने की दी जा रही चेतावनी। इसी कड़ी में टीम द्वारा चांपा के गुप्ता होटल में खाद्यान्न सामग्रियों की जांच की गई। जहां सेंपल लिया गया। वहीं अधिक कलर का उपयोग नहीं करने की नसीहत दी गई। इसके अलावा खाद्य कारोबारकर्ताओं के लिये 15 मार्च को छत्रपति शिवाजी इंडोर स्टेडियम, परशुराम चौक, चाम्पा में खाद्य अनुज्ञप्ति व पंजीयन शिविर का आयोजन किया गया है। शिविर में किराना, हॉटल, ढाबा, रेस्टोरेंट, कैंटिन, मध्यान्ह भोजन, रेडी टू ईट, शादी पार्टी में खाना बनाने वाले कैटरर, चाय नाश्ता, की छोटी-बड़ी दुकान, चलित ठेला कुल्फी, फेरीवाला, पान ठेला, खाई खजाना की दुकान, मांस-मछली दुकान, दूधवाला, डेयरी, बेकरी शॉप, खाद्य ट्रांसपोर्टर, विनिर्माण प्रसंस्करण, आदि सभी प्रकार के खाद्य कारोबारकर्ता खाद्य अनुज्ञप्ति व पंजीयन हेतु आवेदन कर सकते हैं। आवेदन करने हेतु एक पासपोर्ट साईज फोटो, आधार कार्ड, दुकान का बिजली बिल, मोबाईल नम्बर एवं ई-मेल आई.डी., साथ लाना होगा। खाद्य अनुज्ञप्ति व पंजीयन हेतु शुल्क 12 लाख से कम वार्षिक कारोबार वाले खाद्य कारोबारकर्ता के लिये 100 रूपये प्रतिवर्ष एवं 12 लाख से अधिक वार्षिक कारोबार वाले खाद्य कारोबारकर्ता के लिये 2 हजार रूपये प्रतिवर्ष रखा गया है।



खबर संक्षेप

काली मंदिर में मनाई गई रामकृष्ण जयंती

कोरबा। रामकृष्ण विवेकानंद सेवा समिति के



सचिव डॉ आशीष कुमार पाल ने जानकारी दी है कि श्री रामकृष्ण देव की 189वीं जयंती एसईसीएल काली मंदिर में मनाई गई। पूजा और पुष्पांजलि के बाद, प्रसाद वितरण किया गया। इसके बाद शाम को 6 बजे संध्या आरती की गई। आरती और पथचक्र आदि के बाद प्रसाद वितरित किया गया। समस्त क्षेत्र वासियों को श्री रामकृष्ण परमहंस देव की जयंती कार्यक्रम में शामिल होने का अनुरोध किया जाता है।।

सीसी रोड निर्माण कार्य का हुआ भूमिपूजन

कुसमुण्डा। गेवरा बस्ती मंगलम भवन में गेवरा बस्ती हनुमान मंदिर चौक से लेकर कंकाली मंदिर में सीसी सड़क निर्माण कार्य का भूमि पूजन किया गया। रोड का निर्माण ढाई करोड़ में किया जाना है। भूमिपूजन कार्यक्रम में विधायक प्रेमचंद पटेल, राजीव सिंह महाप्रबंधक आलोक श्रीवास्तव, ऑफिसर सिविल संतोष राठौड़, लक्ष्मीकांत जगत, मुकुल कर्ष, कमल सिंह, मनीष मिश्रा, सुनीता, राजेश पटेल, विकेश झा, सालिक राम दुबे, कन्हैया मीडिया प्रभारी गुरदीप सिंह आदि उपस्थित थे।

माध्यमिक शाला में बच्चों को खिलाया नेवता भात

हरदीबाजार। पाली विकासखंड अंतर्गत



माध्यमिक शाला स्कूल रेलडबरी उतरदा में नेवता भात का आयोजन रखा गया। जिसमें कटघोरा विधानसभा क्षेत्र के विधायक प्रेमचंद पटेल के पिता धरमू राम पटेल के सहयोग से स्कूल के बच्चों को पोषक आहार युक्त खीर, पुरी एवं फल के साथ भोजन कराया गया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत सरपंच ओंकार सिंह नेटी, रामायण सिंह, कंवल सिंह, स्कूल के प्रधान पाठक एस. एस. मरकाम, शिक्षक ओम प्रकाश राज, श्रीमती अनीता लहरे के साथ ग्रामवासी उपस्थित थे।

अंधरीकछार में छात्र-छात्राओं को कराया गया नेवता भोजन



कोरबा। शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला अंधरीकछार में छात्र-छात्राओं को नेवता भोजन कराया गया। उक्त कार्यक्रम 11 मार्च को विद्यालय परिसर में आयोजित किया गया जिसमें समस्त विद्यालय के छात्र-छात्राओं को खीर पुड़ी फल सहित पौष्टिक आहार दिया गया। साथ ही विद्यालय के समस्त छात्र-छात्राओं ने बड़े उत्साह से उक्त कार्यक्रम में भाग लिए कार्यक्रम में विशेष रूप से विकासखंड शिक्षा अधिकारी कोरबा संजय अग्रवाल, अखिल भारतीय सतनामी युवा कल्याण समिति के प्रदेश अध्यक्ष मनीराम जांगड़े, विद्यालय के प्रधानपाठक राम कपूर कुर्रे, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पीडब्ल्यूडी के प्राचार्य मानसाय लहरे, रामु पांडे, श्री राजपूत, श्री चंद्रा व श्री यादव सहित विद्यालय के समस्त शिक्षक एवं शिक्षिकाओं ने उक्त कार्यक्रम को सफल बनाने में अपनी महत्वपूर्ण योगदान दिया। साथ ही कक्षा आठवीं के छात्र-छात्राओं को विदाई समारोह का भी आयोजन किया गया। जिसमें छात्र-छात्राओं द्वारा इस विद्यालय में अध्ययनरत रहते हुए अध्यापन कार्य के विषय में अपने विचार व्यक्त किया और उन्होंने कहा कि इस विद्यालय के समस्त गुरुजनो हमें जो शिक्षा प्रदान किए हैं इसके लिए हम सभी गुरुजनों का सादर प्रणाम करते हैं। कार्यक्रम में शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष घुरउ सिंह राठिया, रंगनाथ तिवारी, निर्मल कुमार साहू, श्रीमती शिवकुमारी अनंत, श्रीमती उषा पैंकरा, कन्हैया टंडन, सामाजिक कार्यकर्ता जगदीश प्रसाद डडसेना सहित विद्यार्थी उपस्थित रहे।

दर्री थाना क्षेत्र के गोपालपुर भाटापारा में देर रात हुई थी वारदात

नकाबपोश सशस्त्र लुटेरों ने अंग्रेजी शराब दुकान में बोला धावा, 1.39 लाख की लूट



वह शराब दुकान जहां हुई लूट की घटना।



सीसीटीवी कैमरे में कैद आरोपी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एक बाइक में सवार होकर तीन युवक देर रात को एक अंग्रेजी शराब दुकान में शराब

खास बात

- सीसीटीवी कैमरे में कैद हुए लुटेरे, जांच में जुटी पुलिस

खरीदने के बहाने पहुंचे थे और वहां मौजूद कर्मियों को लाइटर गन दिखाकर गल्ला में रखे 1 लाख 39 हजार रुपए के लूट की घटना को अंजाम देकर फरार हो गए हैं। देर रात हुई लूट की वारदात की सूचना मिलते ही पुलिस की टीम हरकत में आई लेकिन लुटेरे अंधेरे का फायदा उठाकर भागने में सफल रहे। मौके से मिले सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस की टीम मामले की जांच में जुटी हुई है। संभावना जताई जा रही है कि जल्द ही लुटेरे पुलिस के चंगुल में होंगे।

मामला दर्री थाना क्षेत्र के गोपालपुर भाटापारा की है। यहां स्थित अंग्रेजी शराब दुकान में सोमवार की रात लगभग ठीक 10 बजे शराब दुकान बंद करने के दौरान एक मोटरसाइकिल में सवार होकर तीन नकाबपोश युवक शराब खरीदने पहुंचे थे। जहां सूनेपन का फायदा उठाते हुए तीनों लुटेरे सीधे अंदर घुस गए और लाइटर गन कर्मचारियों के कनपटी पर टिकाकर अंग्रेजी शराब दुकान के गल्ले में रखे 1 लाख 29 हजार रुपए की नगद रकम लूटकर मौके से फरार हो गए। जाते-जाते लुटेरे शराब दुकान में रखे एक शराब की बोतल भी अपने साथ लेकर भागे लेकिन भागने के दौरान लुटेरों ने शराब की बोतल को बाहर में ही फेंककर भाग निकले। लूट की वारदात होते ही वहां मौजूद कर्मचारियों ने इसकी सूचना आबकारी विभाग के आला अधिकारियों को दी। जिसके बाद आला अधिकारियों ने इसकी सूचना पुलिस के वरिष्ठ अफसरों को दी। लूटपाट की सूचना पाते ही पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देश पर जिले भर में नाकेबंदी की गई लेकिन अंधेरे का फायदा उठाकर लुटेरे बड़ी आसानी से भाग निकले। फिलहाल दर्री पुलिस ने इस मामले में अज्ञात लूटेरों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर मामले की छानबीन शुरू कर दी है और मौके से मिले सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों के गिरेबान तक पहुंचने का प्रयास कर रही है।

लाइटर गन का किया गया है इस्तेमाल

दर्री थाना प्रभारी रूपक शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि लूटेरे बहुत ही शातिराना अंदाज में लूट की वारदात को अंजाम देने पहुंचे थे। जहां लुटेरों ने लूट के लिए लाइटर गन का संभवतः इस्तेमाल किया है। फिलहाल पुलिस मामले की विभिन्न पहलुओं को लेकर छानबीन कर रही है। पुलिस दुकान में लगे व आसपास क्षेत्र में लगे दर्जनों सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है। फुटेज के आधार पर पुलिस आरोपियों की पहचान करने में जुटी हुई है। जिस तरह से लुटेरों ने वारदात को अंजाम दिया है इससे साफ है कि यह पेशेवर लुटेरे हैं और उनके हौसले इतने बुलंद हैं तभी उन्होंने इस वारदात को अंजाम दिया है।

शादी में आई महिला पर घोड़े ने किया हमला, मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एक वृद्ध महिला अपने पति के साथ शादी समारोह में शामिल होने के लिए बालको नेहरू नगर आई थी। जहां से शादी समारोह संपन्न होने के बाद दोनों पति-पत्नी बस बैठने के लिए पैदल जा रहे थे कि घोड़े ने वृद्ध

खास बात

- शादी समारोह में सारंगढ़ से नेहरू नगर बालको आयी थी महिला

महिला पर हमला कर दिया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। महिला को उपचार के लिए जिला अस्पताल में दाखिल कराया गया था। जहां इलाज के दौरान वृद्ध महिला की मौत हो गई। मामले में पुलिस ने वैधानिक कार्रवाई कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया है। जानकारी के अनुसार पड़ोसी जिले सारंगढ़ के बरमकेला थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम लोधिया निवासी रामवती चौहान 60 वर्ष अपने पति देवीनंद चौहान के साथ कुछ दिनों पूर्व अपने एक परिचित के घर में शादी समारोह में शामिल होने के लिए बालको थाना क्षेत्र के नेहरू नगर आए हुए थे। जहां शादी संपन्न होने के बाद सोमवार को दोनों पति-पत्नी बस में सवार होने के लिए बालको बस स्टैंड जा रहे थे कि इसी दौरान इस क्षेत्र में विचरण कर रहे घोड़े ने रामवती चौहान पर हमला कर दिया जिससे वह बुरी तरह घायल हो गई। आनन-फानन में वहां मौजूद लोगों की सहायता से उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल में दाखिल कराया गया था जहां इलाज के दौरान मंगलवार को रामवती चौहान की मौत हो गई।

पुरेना नदी में डूबने से युवक की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बांकीमोंगरा थाना प्रभारी श्रीमती उषा सोंधिया को मुखबीर से सूचना मिली कि पुरेना नदी में एक युवक की लाश तैरती हुई मिली है। सूचना पर पुलिस घटनास्थल पहुंची और शव को नदी से बाहर निकाला। मृत युवक की शिनाख्त उर्जानगर कॉलोनी थाना दीपका निवासी सुनील यादव उम्र 41 वर्ष के रुप में की गई है। वहीं शव देखकर अंदाजा लगाया जा रहा है कि शव 2-3 दिन पुराना है।

कुसुम जिला महिला कांग्रेस शहर प्रभा बनी ग्रामीण अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अखिल भारतीय महिला कांग्रेस अध्यक्ष अल्का लाम्बा द्वारा अनुशंसित प्रदेश महिला कांग्रेस कार्यकारिणी एवं जिला अध्यक्षों की सूची प्रदेश अध्यक्ष फूलोदेवी नेताम द्वारा जारी की गई है।



कुसुम द्विवेदी



प्रभा सिंह तवंर



भावना जायसवाल

खास बात

- रेखा त्रिपाठी उपाध्यक्ष, उषा राठौर, भावना जायसवाल, हेमलता बघेल, कंचन खांडेकर, किरण कुजूर बनी प्रदेश सचिव



रेखा त्रिपाठी



उषा राठौर



हेमलता बघेल

कोरबा शहर जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष पद पर श्रीमती कुसुम द्विवेदी को तीसरी बार जिम्मेदारी दी गई है। वहीं ग्रामीण अध्यक्ष के लिए श्रीमती प्रभा सिंह तंवर को दूसरी बार जिम्मेदारी मिली है।

प्रदेश महिला कांग्रेस की टीम में श्रीमती रेखा त्रिपाठी को उपाध्यक्ष, उषा राठौर को महासचिव, भावना जायसवाल, हेमलता बघेल, कंचन खाडेकर एवं किरण कुजूर को प्रदेश सचिव बनाया गया है। उपरोक्त आदेश जारी करते हुए प्रदेश अध्यक्ष फूलोदेवी नेताम ने सभी पदाधिकारियों से आव्हान करते हुए कहा कि अपने-अपने जिले में महिला कांग्रेस संगठन को और अधिक मजबूत बनाने की जरूरत पर कार्य करने होंगे। श्रीमती नेताम ने आशा व्यक्त किया है कि नवनियुक्त पदाधिकारी कांग्रेस के रीति-नीति एवं नियमों के तहत अनुशासन में रहकर कार्य करते हुए आगामी लोकसभा चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी को भारी बहुमत से विजय दिलाने के लिए एकजुटता से कार्य करेंगे। श्रीमती कुसुम द्विवेदी सहित जिले में नियुक्त सभी पदाधिकारियों के नियुक्ति पर जिले के कांग्रेस कार्यकर्ताओं में हर्ष व्याप्त है। नवनियुक्त पदाधिकारियों ने भी विश्वास दिलाते हुए कहा कि कांग्रेस मुख्य संगठन के साथ मिलकर महिला संगठन को और अधिक मजबूत बनायेंगे साथ ही लोकसभा चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी के जीत के लिए हर संभव प्रयास करेंगे।

सरकार की योजनाओं और सर्वे को जमीन तक ले जाने का कार्य करती हैं आंबा व मितानिन : सरोज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जहां दूर-दराज स्थानों पर कोई नहीं जा पाता वहां मितानिन व आंगनबाड़ी की कार्यकर्ता पहुंचती है, सुबह से लेकर शाम तक उनका काम अत्यंत ही कठिन व चुनौतियों से भरा होता है। सरकार की योजनाओं और सर्वे को जमीन तक ले जाने का कार्य करती है। प्रसव, बीमारी, टीकाकरण आदि कार्यों में इनकी सेवाभवना अद्भुत है। आज उनके सेवा कार्यों का ही सम्मान हो रहा है।

उक्त बातें अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महिला बाल विकास विभाग के तत्वाधान में आयोजित मितानिन एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सम्मान समारोह के दौरान भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कोरबा लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी डॉ सरोज पांडे ने कही। सुश्री पांडेय ने कहा कि मितानिन प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान देखा कि मितानिनो के लिए स्थाई भवन अति आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि आगामी समय मे कोरबा लोकसभा में हर कुछ दूरी पर मितानिन भवन बनाया जाएगा।साथ ही आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व मितानिनों की लंबित मांगों को भी पूरा करवाने का भरपूर प्रयास करेंगी। उन्होंने उपस्थित सभी महिलाओं को आगामी तीज पूर्व एकसाथ मनाने का निमंत्रण भी दिया। इस दौरान महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष वैशाली रत्नपार्किं ने कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं मितानिनों ने कोरोना कल में जो काम किया वह अद्भुत है। महतारी वंदन योजना के माध्यम से मोदी जी ने हम महिलाओं को मासिक पॉकेटमनी दी है। महिला मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सरिता मिश्रा ने बीजेपी लोकसभा प्रत्याशी डॉ सरोज पाण्डेय का परिचय देते हुए बताया कि वे महिलाओं से दिल जुड़ी है। उन्होंने 20 हजार महिलाओं की उपस्थिति में सुवा नृत्य का विश्व रिकॉर्ड बनाया तो वहीं महिला सरपंचों को लोकसभा घुमा कर अनूठी पहल की है। उन्होंने तीज त्योहारों को महिलाओ के साथ मनाकर नहीं अपनापन दिखाया हैं। कार्यक्रम का शुभारंभ मितानिनों के द्वारा स्वागत गीत एवं फाग गीत के साथ किया गया। कार्यक्रम में जिलेभर से आई मितानिन एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के हुजूम को देख स्वयं डॉ सरोज पांडेय में मंच से उतरकर व्यवस्था बनाई।

खास बात

- मितानिन एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सम्मान समारोह में शामिल हुईं भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष



कार्यक्रम में उपस्थित सरोज पाण्डेय, राजीव सिंह, जोगेश लांबा एवं अन्य।

50 साल में नहीं देखा मोदी जैसा पीएम

पूर्व विधायक ननकीराम कंवर ने कहा कि उन्होंने अपनी 50 साल की राजनीति में ऐसा प्रधानमंत्री नहीं देखा जो हमेशा गांव, गरीब व महिलाओं की बात करते है। पिछले 05 वर्ष छत्तीसगढ़ में कांग्रेस सरकार ने गरीब का चांवल छीना तो वहीं शराब घोटाला जगजाहिर हो गया। अब कांग्रेस को वापस आने का कोई अधिकार नहीं।

महिलाओं की चिंता कर योजना लाते है पीएम

डॉ पांडेय ने कहा कि देश प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी निरंतर महिलाओं की चिंता करते रहते है। वे लगातार महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए पीएम आवास, शौचालय, उज्ज्वला, आयुष्मान भारत, लखपति दीदी एवं ड्रोन दीदी जैसी योजनाएं लाए है। उन्होंने सभी महिलाओं से केन्द्र एवं राज्य सरकार को योजनाओं का लाभ लेने को बात कही।

फाग गीतों पर किया नृत्य

राष्ट्रीय नेत्री को अपने बीच पा कर आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं मितानिन काफी उत्साहित नजर आए। डॉ सरोज पांडे ने उनके उत्साह को बढ़ाते हुए महिलाओं के बीच जाकर फाग गीत एवं करमा गीत पर साथ में नृत्य भी किया। जिससे उपस्थित हजारों की संख्या में महिलाएं काफी प्रसन्न नजर आ रही थी।

कृषि सखियों को प्राकृतिक खेती का प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (बिहान) अंतर्गत कोरबा, पाली व पोडीउपरोडा में कार्यरत कृषि सखियों का 5 दिवसीय प्राकृतिक कृषि विषय पर सघन प्रशिक्षण दिया गया। इस प्रशिक्षण में तीनों विकासखण्ड के कुल 180 कृषि सखी को 6 बैच में प्रशिक्षण प्रदाय किया गया। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य समूह में जुडे.महिला किसानों तक प्राकृतिक कृषि (खेती) गतिविधि को विस्तारित किया जाना है। उक्त प्रशिक्षण मैनेज (हैदराबाद) व छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा मास्टर ट्रेनर द्वारा दिये गये। उक्त ट्रेनरों के माध्यम से प्रशिक्षण को संपन्न कराया गया है जिसमें वरिष्ठ कृषि सीआरपी का भी सहयोग लिया गया। प्रशिक्षण में जैविक दवा, खाद, मृदा के प्रकार, जल प्रबंधन, कीट प्रबंधन का तकनीक के साथ क्षेत्र भ्रमण भी कराया गया जहां व्यावहारिक जानकारी प्रदाय की गयी। साथ ही वातावरण व स्वास्थ्य में रासायनिक खेती के दुष्प्रभाव को भी विशेष रूप से फोकस किया गया। खेती को बेहतर करने में मृदा की गुणवत्ता को सुधार व पर्यावरण को सतत अच्छा बनाये रखने हेतु प्राकृतिक खेती एक उपयोगी कारगर खेती पद्यति है। स्थानीय क्षेत्र में संसाधन के उपयोग से व उपयुक्त कृषि प्रबंधन के द्वारा उत्पादन में वृध्दि व लागत में कमी लाकर ग्रामीणों को कृषि से अच्छी आय प्राप्त हो सकती है।

बिजली कर्मियों को सिखाए गए सुरक्षा के गुर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

हसदेव ताप विद्युत गृह कोरबा पश्चिम में राष्ट्रीय संरक्षा सप्ताह मनाया गया। 4 से 11 मार्च तक राष्ट्रीय सप्ताह आयोजित की गई। साप्ताहिक जागरूकता कार्यक्रमों के अंतर्गत एचटीपीएस कोरबा पश्चिम के संरक्षा विभाग द्वारा श्रमिकों एवं संयंत्र-कर्मियों को असुरक्षित कार्यदशाओं तथा मानवीय चूक एवं असावधानी की वजह से घटित होने वाले औद्योगिक हादसों के प्रति सजक एवं सचेत कर इनकी प्रभावी रोकथाम हेतु कर्मकार प्रशिक्षण कार्यक्रम, नारा प्रतियोगिता, गृह व्यवस्थापन प्रतियोगिता एवं हेजार्ड हंट खेल के माध्यम से संरक्षा प्रबंधन में संयंत्र-कर्मियों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने के प्रयास किया गया।



कार्यक्रम में उपस्थित बिजली कर्मचारी और अधिकारी।

खास बातें

- एचटीपीपी में प्रशिक्षण व जागरुकता शिविर का समापन
- उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी कर्मचारी व प्रतिभागी हुए पुरस्कृत

महिला सुरक्षा पर आधारित प्रशिक्षण एवं जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत संयंत्र की सभी नियमित, अनियमित महिला कर्मियों को गृह सुरक्षा एवं प्रिवेंशन ऑफ सेक्सुअल हरासमेंट एट वर्क प्लेस अधिनियम 2013 की जानकारी दी गई। इस दौरान कार्यपालक निदेशक सह कारखाना अधिभोगी संजय शर्मा ने विशिष्ठ अतिथियों में अति. मुख्य अभियंता पीके स्वेन, एमके गुप्ता, सुधीर कुमार पंड्या, पी. भास्कर राव, एमएस खान, एके कुरनाल सहित अन्य अधिकारी कर्मचारियों के समक्ष संरक्षा के महत्व को बताया। उन्होंने कहा कि संरक्षा सप्ताह के अवसर पर आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से प्रशिक्षित कर्मी संरक्षा के प्रति अपनी जागरूकता को बनाएं रखेंगे तथा भविष्य में संभावित दुर्घटनाओं के खतरे से स्वयं को सुरक्षित रख सकेंगे। जिसके उपरांत कार्यपालक निदेशक संजय शर्मा एवं अन्य अतिथियों ने आयोजन को सफल बनाने वाले अधिकारी कर्मचारी का सम्मान किया। इसके अलावा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों तथा प्रतियोगिता के निर्णायकों को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में कोरबा पश्चिम संयंत्र के विभिन्न विभागों के साथ ही संयंत्र में कार्यरत ठेका फर्मों का योगदान रहा।

आम सूचना / दैनिक हरिभूमि समाचार पत्र में प्रकाशन हेतु

आपके द्वारा प्रदत चेक कमांक 919891 दिनांकित 21/12/2023 पंजाब नेशनल बैंक नैला जांजगीर छ.ग. शाखा का चेक आई.डी.बी.आई. बैंक बिलासपुर के खाता कं.-1237104000043801 दिनांकित 05/03/2024 को जो श्रीमती शंकुतला सक्सेना के नाम से जारी किया गया है। अनादरित हो चुका है। आम सूचना के माध्यम से आप खुर्शिद आलम आत्मज स्व0 मोहम्मद निजाम उम्र 42 वर्ष निवासी-ग्राम खोकसा, तहसील व जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.) को सूचित किया जाता है। कि मेरे आसामी श्रीमती शंकुतला उर्फ चांदी सक्सेना को 1,00,000/- (एक लाख रूपये) की राशि अग्रिम तत्काल प्रदान करें अन्यथा आपके विरूद्ध संबंधित न्यायालय बिलासपुर में 138 पराक्रम्य लिखत अधिनियम के तहत मामला प्रस्तुत किया जायेगा जिसमें होने वाले खर्चे नुकसानी के देनदार आप स्वत: होगे ।

सूचनादाता-श्रीमती शकुंतला उर्फ चांदनी सक्सेना आत्मज प्यारेलाल सक्सेना, पति श्रवण कुमार सक्सेना, निवासी-सोन गंगा कॉलोनी, सीपत रोड सरकण्डा, तह. व जिला बिलासपुर (छ.ग.)

सो सदभाविक सूचना जानें।

दिनांक:- 12/03/2024

स्थान- बिलासपुर (छ.ग.)

भवदीय

व्ही.पी. गुप्ता अधिवक्ता

कुदुदण्ड बिलासपुर (छ.ग.)

केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल ने मनाया 55वां स्थापना दिवस

शारीरिक कार्यकुशलता का प्रदर्शन किया जवानों ने

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल इकाई एसईसीएल बिलासपुर के द्वारा जिला के गेवरा स्थित केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल इकाई के गेवरा ग्राउंड में केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल का 55वां स्थापना दिवस मनाया गया। इस अवसर पर बल सदस्यों के कौशल, क्षमताओं का प्रदर्शन करने के लिए परेड का आयोजन किया गया। जिसमें केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल की 4 टुकड़ियों ने भाग लिया। केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल इकाई द्वारा मुख्य अतिथि के रूप में एसईसीएल गेवरा क्षेत्र के मुख्य महाप्रबंधक स्वरूप कुमार मोहंती को आमंत्रित किया था। सर्वप्रथम परेड कमाण्डर निरीक्षक पुष्पेंदु दत्ता द्वारा मुख्य अतिथि को सलामी दी गई।



स्थापना दिवस पर सीआईएसएफ के जवान।

मुख्य अतिथि को सलामी देने के उपरांत परेड कमाण्डर द्वारा परेड को मार्चपास्ट कराया गया, तत्पश्चात केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के बल सदस्यों द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से शारीरिक कार्यकुशलता का प्रदर्शन किया गया। केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल स्थापना दिवस के अवसर पर केऔसुब इकाई, एसईसीएल बिलासपुर के कमाण्डेंट भास्कर कुमार, उप कमाण्डेंट किरण एम., सहायक कमाण्डेंट कार्तिकेय मिश्रा, सहायक कमाण्डेंट जसपाल सिंह के आतिथ्य में एसईसीएल प्रबंधन से मनोज कुमार (महाप्रबंधक खनन, एसईसीएल दीपका क्षेत्र), जे एकम्बरम अजय कुमार सिंह आर के तिवारी, आर बी सिंदुर, अजय बेहरा (क्षेत्रीय कार्मिक प्रबंधक, गेवरा क्षेत्र), एसईसीएल मुख्यालय बिलासपुर से वी दक्षिणामूर्ति, कुमार गौरव, आर के चौधरी त्रिपुरा स्टेट राइफल्स के उप कमांडेंट मिहिर दत्ता, एनसीएच गेवरा अस्पताल के डॉ चेतन कुमार भोसले, डॉ आर आर अग्रवाल, मीडिया कर्मी एवं अन्य सम्मानित अतिथिगण उपस्थित रहे।

जॉजगीर मार्केट

गुप्त रोग
नामर्दी, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, धातु पतला, पेशाब के साथ
धातु का गिरना, जलन छोटापन, टेढ़ापन, सिफलिस, गनौरिया, वर्मरोग, इत्यादि सभी प्रकार के गुप्त रोग का इलाज किया जाता है। बिना आपरेशन अण्डकोष, बवासीर एवं भगंदर का गारंटी इलाज।
निःसंतान दंपति अवश्य मिले
मां दुर्गा क्लीनिक
डॉ. ए.के. विश्वास
स्टेशन रोड पी.डब्ल्यू.डी. ऑफिस के सामने गट्टानी लोहा बाड़ा के बगल, चाम्पा
मो.- 8269419396, 8670074465



सिद्धार्थ की फिल्म 'योद्धा' के पोस्टर को 'टाइम्स स्क्वायर' पर मिली जगह

मुंबई। सिद्धार्थ मल्होत्रा एक बार फिर फिल्म 'योद्धा' के जरिए बड़े पर्दे पर धमाल मचाने के लिए तैयार हैं। यह फिल्म इस साल की बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक है, जिसका दर्शक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। इस फिल्म में सिद्धार्थ की जोड़ी राशि खन्ना के साथ बनी है, जिसे पहली बार देखा जाएगा। ताजा खबर यह है कि 'योद्धा' के मोशन पोस्टर को आज यानी 11 मार्च को न्यूयॉर्क के प्रसिद्ध टाइम्स स्क्वायर बिलबोर्ड पर प्रदर्शित किया गया है। 'योद्धा' 15 मार्च को सिनेमाघरों में दस्तक देने के लिए तैयार है। इस फिल्म में दिशा पाटनी भी हैं। इस फिल्म के निर्देशन की कमान सागर अम्ब्रे और पुष्कर ओझा ने संभाली है।

लाइफ Style

सामंथा

वेब सीरीज 'सिटाडेल' में आएंगी नजर

सामंथा रुथ प्रभु ने पिछले साल एक्टिंग से ब्रेक ले लिया था उन्हें आखिरी बार फिल्म 'कुशी' में देखा गया था। साउथ से बॉलीवुड तक अपना जलवा दिखा चुकीं एक्ट्रेस सामंथा रुथ प्रभु ने वापसी कर ली है और एक हेल्थ पॉडकास्ट पर काम करना शुरू

एजेंसी ⏭ मुंबई

सामंथा रुथ प्रभु की फिल्मों की बात करें तो वह सीरीज 'सिटाडेल' के भारतीय वर्जन में दिखाई देंगी, जिसमें वरुण धवन है। सामंथा और वरुण धवन की वेब सीरीज 'सिटाडेल' प्रियंका चोपड़ा की अमेरिकी सीरीज है। एक्ट्रेस सामंथा ने कहा कि अब वह ट्रोलिंग और आलोचना के बीच अंतर करने में सक्षम हो गई हैं। उन्होंने कहा, 'मैं लोगों की आलोचना के लिए अपनी आंखें और कान खुले रखती हूं जो मुझे लगता है कि एक स्टार और एक इंसान के रूप में मेरे लिए बहुत जरूरी है। हाल ही में एक्ट्रेस ने एक साल तक काम न करने के बारे में खुलासा किया कि वह इन दिनों मायोसिटिस नाम की बीमारी से जूझ रहीं हैं।

मायोसिटिस डायग्नोसिस के चलते होने वाले दर्द के बावजूद फिटनेस रुटीन से कॉम्प्रोमाइज नहीं कर पा रही थी। 'ईगा' फेम एक्ट्रेस सामंथा रुथ प्रभु ने आगे कहा, 'कभी-कभी एक एक्ट्रेस होने के नाते आपकी दुनिया बहुत छोटी और सीमित हो जाती है। आपके आस-पास 'हां' कहने वाले लोगों का एक ग्रुप होता है जो आमतौर पर आपको अपने मन की बात नहीं बताते हैं।



हॉलीवुड मसाला



जहरीले कीड़े के छूने से हार्टअटैक

लॉस एंजिलस। हाल ही में एक फेमस एक्टर को लेकर ऐसी खबर सामने आई है, जिसे सुनकर हर कोई हैरान है। आखिर वो खबर ही ऐसी है। दरअसल 'फिफ्टी शेड्स ऑफ ग्रे' के एक्टर जेमी डॉर्नन पुर्तगाल ट्रिप पर थे और इस दौरान उन्हें एक कीड़े के छूने की वजह से हार्ट अटैक आ गया, जिसके बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती करवाना पड़ा है। जेमी डॉर्नन के दोस्त गॉर्डन स्मार्ट ने इस पूरे घटना के बारे में एक इंटरव्यू में बात की और बताया कि वो और जेमी दोनों पुर्तगाल के गोल्फिंग रिसॉर्ट में छुट्टियां मना रहे थे।




टूट गया 87 साल पुराना रिकॉर्ड, 22 साल की सिंगर ने रचा नया इतिहास

लॉस एंजिलस। ऑस्कर 2024 में मोस्ट पॉपुलर सिंगर बिली इलिश को 'बार्बी' के 'व्हाट वाज आई मेड फॉर' के लिए ओरिजनल सॉन्ग कैटेगरी में अवॉर्ड जीता है। 22 साल की इलिश ने ऑस्कर 2024 में दूसरी बार ऑस्कर जीतकर एकेडमी अवॉर्ड्स का 87 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ ऑस्कर में सबसे कम उम्र के दो बार विजेता बनकर नया इतिहास रच दिया। वहीं बिली के साथ सिंगर फिनीस को 'बार्बी' के 'व्हाट वाज आई मेड फॉर' के लिए ओरिजनल सॉन्ग के लिए अवॉर्ड मिला है। 'व्हाट वाज आई मेड फॉर' ब्लॉकबस्टर फिल्म 'बार्बी' का ओरिजनल साउंडट्रैक था। बता दें कि बिली इलिश ने इससे पहले डेनियल क्रेग अभिनीत 'जेम्स बॉन्ड' फिल्म में 'नो टाइम टू डाई' के लिए 2021 में बेस्ट ओरिजनल सॉन्ग के लिए ऑस्कर जीता था। इसके साथ ही बिली ने 22 साल की सबसे कम उम्र में दो बार ऑस्कर विजेता बनकर इतिहास रच दिया और लुइस रेनर के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया।



वकील बन खोलेंगी बिहार परीक्षा की पोल

मुंबई। बॉलीवुड एक्ट्रेस रवीना टंडन की फिल्म 'पटना शुक्ला' का ट्रेलर आज रिलीज हो चुका है। इसमें दिखाया गया है कि कैसे बिहार के एक परीक्षा के मार्कशीट में एक छात्रा के साथ झोलझाल होता है, जिसके लिए रवीना टंडन केस लड़ती है। बता दें कि 'पटना शुक्ला' अरबाज खान के प्रोडक्शन में बन रही है। इस फिल्म में रवीना टंडन, के साथ सतीश कौशिक, चंदन रॉय सान्याल, जतिन गोस्वामी, मानव विज, और अनुष्का कौशिक नजर आने वाले हैं। ये फिल्म ओटीटी प्लेटफॉर्म डिज्नी+ हॉटस्टार पर 29 मार्च को रिलीज होगी। ट्रेलर में दिखाया गया है कि रवीना एक हाउसवाइफ के साथ ही साथ वकील भी हैं लेकिन कभी उन्हें कोई बड़ा केस नहीं मिला जिसमें वह खुद की वकालत को साबित कर पाए।



'बोगस फोन ऑपरेटर्स' अवैध कॉल सेंटरों की कहानी

मुंबई। आगामी स्ट्रीमिंग डॉक्यूमेंट्री 'बोगस फोन ऑपरेटर्स' भारत के सबसे बड़े कॉल सेंटर घोटालों में से एक को उजागर करती है। डॉक्यूमेंट्री 'ठाणे कॉल सेंटर स्कैम' भारत से संचालित होने वाले आपराधिक नेटवर्क के पीछे की कहानी बताती जो भारत में बैठकर अमेरिकी नागरिकों को ठगता है। महाराष्ट्र के ठाणे में 600 भ्रामक कॉल सेंटर कर्मचारियों के एक समूह ने कथित तौर पर 15,000 से अधिक अमेरिकियों के साथ 50 मिलियन डॉलर से अधिक की धोखाधड़ी को अंजाम दिया। डॉक्यूमेंट्री इस घोटाले की गहन खोज करती है। डॉक्यूमेंट्री का निर्देशन राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता फिल्म निर्माता सत्य प्रकाश उपाध्याय ने किया है। यह इन्वेस्टिगेटिव क्राइम डॉक्यूमेंट्री ओटीटी प्लेटफॉर्म, डॉक्यूबे पर स्ट्रीम हो रही है।

टीवी मसाला



'श्रीमद रामायण' में सुग्रीव-बाली दोनों का किरदार निभाएंगे मल्हार पंड्या

मुंबई। टीवी शो 'श्रीमद रामायण' लगातार बेहतरीन टीआरपी के साथ लोगों का दिल जीत रहा है। शो में भगवान श्रीराम की कथा दिखाई जा रही है। जिसमें अब 'तेरे इश्क में घायल' शो के एक्टर मल्हार पंड्या की एंट्री होने जा रही है। वह इस शो में सुग्रीव और बाली दोनों की भूमिका निभाते नजर आएंगे। इस शो में सुजय रेउ भगवान राम और प्राची बंसल सीता की भूमिका निभा रही हैं।

दोनों भूमिकाएं विपरीत, फिर भी उत्साहित : मल्हार

इस किरदार को निभाने पर मल्हार ने कहा, मैं जुड़वा बच्चों, सुग्रीव और बाली की भूमिका निभाने का अवसर पाकर बेहद एक्साइटेड हूं और यह दोनों भूमिकाएं एक-दूसरे के विपरीत हैं। बाली ने किष्किंधा राज्य पर शासन किया था और उसकी प्रजा वानर थी लेकिन बाद में वह कट्टर दुश्मन बन गए। हालांकि सुग्रीव ने विनम्रतापूर्वक समझाने का प्रयास किया, लेकिन बाली ने उसकी बात नहीं मानी और सुग्रीव को राज्य से निकाल दिया गया। अपना प्रतिशोध लेने के लिए, बाली ने सुग्रीव की पत्नी रूमा को जबरन अपने पास रख लिया।

पहले निभा चुके हैं हनुमान की भूमिका

मल्हार इससे पहले 'रामायणः सबके जीवन का आधार' में भगवान हनुमान की भूमिका निभा चुके हैं। इसलिए उन्हें यह भूमिका परिचित लगती है। उन्होंने कहा, मैंने पहले वानर हनुमान का किरदार निभाया था, सुग्रीव और बाली दिखने और प्रदर्शन में काफी समान हैं। इसलिए मैं नए प्रोजेक्ट से भी खुश हूं, मैं इसके लिए उत्सुक हूं।

इन शोज में कर चुके हैं काम

बता दें कि मल्हार इससे पहले भी पौराणिक शो 'राधाकृष्ण' में कर्ण, 'सूर्यपुत्र कर्ण' में बलराम का किरदार निभा चुके हैं। जिसके कारण उन्हें इस तरह के अभिनय का भी पूरा ज्ञान है। इसके अलावा मल्हार ने 'इश्कबाज', 'नागिन 2', 'कसम तेरे प्यार की' और 'नजर' में भी काम किया है।

'लाहौर 1947' में एक साथ दिखेगी बाप-बेटे की जोड़ी

मुंबई। साल 2024 के शुरुआत में ही अब तक की कई मोस्ट अवेटेड फिल्मों की अनाउंसमेंट हो गई है। इसी बीच आमिर खान प्रोडक्शन और राजकुमार संतोषी के डायरेक्शन में बन रही फिल्म 'लाहौर 1947' इन दिनों चर्चा का विषय बनी हुई है। इस फिल्म में सनी देओल मुख्य भूमिका निभाते हुए नजर आएंगे वहीं अब उनके बेटे करण देओल की भी एंट्री हो गई है। आमिर खान ने खुद इसकी पुष्टि कर दी है। करण फिल्म में जावेद का किरदार निभाएंगे। ये पहली बार होगा जब बाप-बेटे की ये जोड़ी एक साथ पर्दे पर नजर आएगी। 'लाहौर 1947' में सनी देओल और प्रीति जिंटा मुख्य भूमिका में हैं। इस पीरियड-ड्रामा फिल्म को आमिर खान प्रोड्यूस कर रहे है, वहीं राजकुमार संतोषी इसका डायरेक्शन कर रहे हैं। फिल्म में शबाना आजमी, अभिमन्यु सिंह और अली फजल भी नजर आएंगे। रिपोर्ट्स के मुताबिक फिल्म की शूटिंग अगले कुछ महीनों में शुरू होगी। ये फिल्म आमिर खान फिल्म्स प्रोडक्शन के तहत बन रही है।

आमिर ने की करण की तारीफ

हाल ही में आमिर ने एक बयान में कहा, मैं बहुत खुश हूं कि करण देओल ने जावेद की बेहद महत्वपूर्ण भूमिका के लिए इतनी अच्छी तरह से टेस्ट दिया। जावेद कहानी का अच्छा पार्ट है, ये फिल्म में चैलेंजिंग हिस्सा है... और मुझे यकीन है कि राज संतोषी के डायरेक्श में, करण इसे अच्छे से निभाएंगे।



बेहद कम समय में हुई इन फिल्मों की शूटिंग

कुछ रहीं सफल, कुछ फ्लाप

मुंबई। हर हफ्ते सिनेमाघरों और ओटीटी पर नई फिल्में दस्तक देती हैं। इन फिल्मों को दर्शकों के बीच आने से पहले कई पड़ाव पार करने पड़ते हैं, जिसके चलते इन्हें पूरा करने में समय लग जाता है। बॉलीवुड में ऐसी कई फिल्में हैं, जिन्हें बनाने में वर्षों या महीने लग गए तो कुछ फिल्में ऐसी भी हैं, जिनकी शूटिंग कुछ दिनों के भीतर ही पूरी हो गई। आइए आज कम समय में शूट होने वाले फिल्मों के बारे में जानते हैं।



19 और 16 दिनों में बनी 'धमाका' और 'हरामखोर'

इस सूची में पहला नाम कार्तिक आर्यन की फिल्म 'धमाका' का है, जो कोराना वायरस के दौरान सीमित टीम के साथ 10 दिन में शूट हुई थी। राम माधवानी की ये फिल्म नेटफ्लिक्स पर आई थी, जिसे लोगों ने पसंद किया था। नवाजुद्दीन सिद्दीकी और श्वेता त्रिपाठी की फिल्म 'हरामखोर' में एक शिक्षक और छात्रा की प्रेम कहानी दिखाई है, जिसे फिल्माने में 16 दिन का समय लगा था।

'हाउसफुल 3' और 'की एंड का'

अक्षय कुमार, रितेश देखमुख और अभिषेक बच्चन की फिल्म 'हाउसफुल 3' की शूटिंग महज 38 दिन में पूरी हो गई थी। इसने बॉक्स ऑफिस पर 110 करोड़ रुपये का कारोबार किया था। करीना कपूर और अर्जुन कपूर की फिल्म 'की एंड का' में दिखाया था कि पति घर संभालता है और पत्नी नौकरी करती है। 45 दिनों में बनी इस फिल्म ने 50 करोड़ रुपये के साथ ठीक-ठाक प्रदर्शन किया था। ये दोनों फिल्में अमेजन प्राइम वीडियो पर मौजूद है।

'रॉकेट्री' से 'क्वीन' तक, घर बैठे ओटीटी पर देखिए राष्ट्रीय पुरस्कार जीत चुकीं ये शानदार फिल्में

एजेंसी ⏭ मुंबई

अगर आप फिल्में देखने के शौकीन हैं और कुछ अच्छा देखने की तलाश कर रहे हैं तो ये खबर आपके लिए ही है। आज हम आपके लिए कुछ ऐसी शानदार फिल्मों की सूची लेकर आए हैं, जिन्हें मनोरंजन जगत के सबसे सर्वश्रेष्ठ राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार से सम्मानित किया जा चुका है। इन फिल्मों का लुत्फ आप घर बैठे ही ओटीटी पर अपने परिवार के साथ उठा सकते हैं।



'रॉकेट्री' और 'जूनियर तुलसीदास'

आर माधवन की फिल्म 'रॉकेट्री: द नांबी इफेक्ट' इसरो के वैज्ञानिक और एयरोस्पेस इंजीनियर नांबी नारायणन की जिंदगी पर आधारित हैं। इसे सर्वश्रेष्ठ फीचर फिल्म का राष्ट्रीय पुरस्कार मिला है और यह अमेजन प्राइम वीडियो पर मौजूद है। नेटफ्लिक्स पर मौजूद फिल्म 'जूनियर तुलसीदास' ने सर्वश्रेष्ठ हिंदी फीचर फिल्म का खिताब जीता था। यह फिल्म स्नूकर खेलने वाले तुलसीदास (राजीव कपूर) की है, जो चैंपियनशिप में हार जाता है। इसके बाद उसका बेटा जूनियर तुलसीदास (वरुण बुद्धदेव) बनकर स्नूकर खेलता है।



'छिछोरे' और 'बाहुबली 2'

नीतिश तिवारी की फिल्म 'छिछोरे' पढ़ाई और करियर के दबाव से जूझ रहे लोगों की कहानी कहती हैं। इसमें सुशांत सिंह राजपूत, श्रद्धा कपूर, वरुण शर्मा और ताहिर राज भसीन जैसे सितारे शामिल थे। डिज्नी+ हॉटस्टार पर मौजूद यह फिल्म 67वें राष्ट्रीय पुरस्कारों में सर्वश्रेष्ठ हिंदी फिल्म बनी थी। एसएस राजामौली की फिल्म 'बाहुबली 2: द कॉन्क्लूजन' को सबसे लोकप्रिय फिल्म का पुरस्कार मिला था। इसमें प्रभास और अनुष्का शेट्टी शामिल थे। ये फिल्म नेटफ्लिक्स पर देखी जा सकती है।

'बधाई हो' और 'अंधाधुन'

आयुष्मान खुराना की 2018 में 2 फिल्में, 'बधाई हो' और 'अंधाधुन' ने सिनेमाघरों में दस्तक दी थी। इन दोनों ही फिल्मों को दर्शकों ने बेशुमार प्यार दिया था और इन्होंने बॉक्स ऑफिस पर भी शानदार प्रदर्शन किया था। 'बधाई हो' कोसर्वश्रेष्ठ लोकप्रिय फिल्म का राष्ट्रीय पुरस्कार मिला तो 'अंधाधुन' को सर्वश्रेष्ठ हिंदी फिल्म और आयुष्मान को इसके लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का खिताब मिला था। 'बधाई हो' डिज्नी+ हॉटस्टार पर देखी जा सकती है तो 'अंधाधुन' नेटफ्लिक्स पर मौजूद है।

'नीरजा' और 'दम लगा के हईशा'

सोनम कपूर अभिनीत फिल्म 'नीरजा' को सर्वश्रेष्ठ हिंदी फीचर फिल्म का राष्ट्रीय पुरस्कार मिला था। यह फ्लाइट अटेंडेंट नीरजा की कहानी थी, जो 1986 में आतंकवादियों के फ्लाइट को हाईजैक करने के बाद बच्चों की जान बचाते हुए मारी गई थीं। यह फिल्म डिज्नी+ हॉटस्टार पर उपलब्ध है। आयुष्मान और भूमि पेडनेकर की फिल्म 'दम लगा के हईशा' सर्वश्रेष्ठ हिंदी फिल्म बनी थी। अमेजन प्राइम वीडियो पर मौजूद यह फिल्म पढ़ाई छोड़ चुके प्रेम और शिक्षित संध्या की कहानी है।

खबर संक्षेप

प्रधान पाठक के रिक्त पदों पर पदोन्नति की मांग

जांजगीर-चांपा। छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन जिला जांजगीर चाम्पा का प्रतिनिधि मंडल ने पुष्पा कोरी नोडल अधिकारी जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय जांजगीर, ताराचंद पांडेय शिक्षा शाखा प्रभारी को ज्ञापन सौप कर जिला स्तर पर अंतिम सूची का प्रकाशन कर रिक्त प्राथमिक प्रधान पाठक के पदो पर शीघ्र पदोन्नति करने, दिवंगत एल.बी.संवर्ग के शिक्षको का पेंशन, ग्रेच्युटी, जी.आई.एस, अवकाश नगदीकरण के भुगतान की कार्यवाही हेतु निर्देश जारी करने, नवमी व ग्यारहवी के वार्षिक परीक्षा का समय अप्रैल माह में दोपहर 1 बजे से 4 बजे के स्थान पर गर्मी को ध्यान में रखते हुए परीक्षा समय में संशोधन करते हुए परीक्षा का समय सुबह 7.30 बजे से रखने, एल.बी.संवर्ग के शिक्षको का सी.जी.पी.एफ. पासबुक बनाने हेतु संकुल स्तर पर कैम्प लगाकर पास बुक भरवाने हेतु आहरण संवितरण अधिकारी बीईओ व प्राचार्य को निर्देश जारी करने का मांग किया है। प्रतिनिधि मंडल में प्रदेश उपाध्यक्ष बसंत चतुर्वेदी, जिलाध्यक्ष सत्येंद्र सिंह, जिला सचिव बोधीराम साहू, जिला संयोजक विजय प्रधान, जिला पर्यवेक्षक आशीष सिंह, सुभाष शर्मा, जिला कोषाध्यक्ष विकेश केशरवानी, बलौदा ब्लाक अध्यक्ष नरेश गुरुद्वान शामिल थे।

जैजैपुर विधायक से ग्रामीणों ने ट्रांसफार्मर लगाने की रखी मांग

बेल्हाडीह-जेठा । जैजैपुर के विधायक बालेश्वर साहू के ग्राम पंचायत के ग्रामीणों द्वारा किया गया ट्रांसफार्मर की मांग बताया जा रहा है की ग्राम पंचायत हरदी में गर्मी के दिनो मे बिजली की समस्या दिनों दिन बढ़ता ही जा रहा है। जिससे ग्रामीणों को बिजली पानी आदि की आपूर्ति की समस्या का सामना करना पड़ रहा है। पूर्व में ग्राम पंचायत हरदी में 63 केवी का ट्रांसफार्मर लगा था, जो गांव में गर्मी समय में बिजली की आपूर्ति नहीं कर पाता है। जिससे ग्रामीणों को गर्मी के दिनो मे बिजली की समस्या का सामना करना पड़ता है। इस समस्या के समाधान हेतु ग्रामीणों ने जैजैपुर विधायक से 100 केवी का ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराने हेतु आवेदन किया गया है। जिसपर विधायक बालेश्वर साहू ने ग्रामीणों के समस्या का समाधान के लिए आश्वासन दिया है।

रामजानकी मंदिर में कंवर वार्षिकोत्सव का होगा आयोजन

तनौद (भुईगांव)। पामगढ़ विकास खण्ड अंतर्गत ग्राम ससहा में राम जानकी मंदिर ससहा कंवर समाज की वार्षिक उत्सव का आयोजन गुरूवार 14 मार्च को रखा गया है। जिसमें 26 गांवों से पंच पदाधिकारी एवं समाज प्रमुख पहुचेगें। सांस्कृतिक कार्यक्रम, उत्कृष्ट छात्र छात्राओं का प्रोत्साहन , वार्षिक आय व्यय जानकारी, सतनारायण कथा के साथ मंदिर का पट खुलेगा और मेला प्रारंभ होगा। खेदू सिंह कंवर ने अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने की अपील की है।

27 से शुरू होगी बहेराडीह में अखण्ड नवधा रामायण

बहेराडीह। ग्राम बहेराडीह उर्फ भदरीपाली में बुधवार 27 मार्च से अखंड नवधा रामायण का आयोजन किया जा रहा है। इस बीच मानस गायन प्रतियोगिता भी आयोजित किए जाएंगे। प्रतियोगिता में पहला पुरुस्कार से लेकर सातवें पुरुष्कार विजेता मानस मंडली को प्रदान किया जाएगा।

सक्ती जिले की प्रभारी मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने अधिकारियों की ली समीक्षा बैठक

आंबा केन्द्रों के निरीक्षण के दौरान लापरवाही सामने आने पर की जाएगी सख्त कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

महिला एवं बाल विकास तथा समाज कल्याण विभाग मंत्री और जिले की प्रभारी मंत्री ने कलेक्ट्रेट कार्यालय सभाकक्ष में जिले में कार्यरत सभी विभागो के अधिकारियो की समीक्षा बैठक ली। बैठक में प्रभारी मंत्री ने जिले में राजस्व कार्यों को दुरुस्त करने तथा स्कूलों में बच्चो की संख्या के अनुसार शिक्षकों की व्यवस्था सुनिश्चित करने सहित अन्य विभिन्न विभागो की समीक्षा बैठक ली।

प्रभारी मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने बुधवार 13 मार्च को सक्ती जिले में सभी विभागीय अधिकारीयों की पहली समीक्षा बैठक लेते हुए सभी का परिचय भी लिया। प्रभारी मंत्री ने सभी विभागीय अधिकारीयों को प्रशासनिक कार्यों में कसावट लाने के निर्देश दिए है। समीक्षा बैठक में जिला पंचायत सदस्य श्रीमती विद्या सिदार, जिला पंचायत सदस्य टिकेश्वर गबेल, अपर कलेक्टर बीरेंद्र कुमार लकड़ा,



समीक्षा बैठक में दिशा निर्देश देती लक्ष्मी राजवाड़े।

उप जिला निर्वाचन अधिकारी बालेश्वर राम, जिला पंचायत परियोजना निदेशक बी पी भरद्वाज, कृष्णकांत चंद्रा, अधिवक्ता चितरंजन पटेल, रामनरेश यादव उपस्थित थे। प्रभारी मंत्री ने समीक्षा बैठक में महिला एवं बाल विकास विभाग अधिकारी से पूरक पोषण आहार, पोषण पुनर्वास केंद्र, दिशा भ्रमण कार्यक्रम, मातृत्व वंदना योजना, सुकन्या समृधि योजना सहित अन्य विभिन्न विभागीय गतिविधियों की विस्तार से जानकारी ली। प्रभारी मंत्री ने महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारीयों को पोषण आहार वितरण का नियमित निरिक्षण करने तथा बच्चों और गर्भवती माताओं को उचित पोषण आहार मिलना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए है। उन्होंने आवास निर्माण के अद्यतन स्थिति की जानकारी लेते हुए जमीनी स्तर पर सर्वे और निरिक्षण करते हुए जरुरतमंद लोगों को प्राथमिकता देते हुए आवास निर्माण का कार्य कराये जाने के निर्देश दिए।

प्रभारी मंत्री को अपने बीच पाकर उत्साहित हुए कार्यकर्ता

छत्तीसगढ़ सरकार की महिला एवम बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी रजवाड़े का प्रथम सक्ती आगमन हुआ जहा रेस्ट हाउस में 12 मार्च को रात्रि पहुंचने पर पार्टी कार्यकर्ताओं ने फूल माला एवं गुलदस्ता भेंट कर सम्मानित किया। 13 मार्च को भाजपा चुनाव कार्यालय सक्ती पहुंची। उन्होंने कहा कि अगर हम बूथ जीते तो लोकसभा जीते इसलिए आप सभी को अपने अपने बूथों पर जिम्मेदारी पूर्वक कार्य करना है। जिलाध्यक्ष कृष्णकांत चंद्रा ने भी जांजगीर लोकसभा लोकसभा क्षेत्र के पार्टी पदाधिकारी एवम कार्यकर्ताओ को संबोधित किया। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष कृष्णकांत चंद्रा रामावतार अग्रवाल गोपी सिंह ठाकुर रूपा सिंह देव ,विद्या सि दार, टिकेश्वर गबेल, घनश्याम साहू, भाजपा जिला कोषाध्यक्ष रामनरेश, अनूप अग्रवाल, धनंजय नामदेव, प्रेम पटेल, संजय रामचंद्र, कवि वर्मा, गोविंद देवांगन, श्रीमती पुष्पेंद्री कसेरा, रीता पटेल अनिता सिंह अनिता गोपाल सरला कांत पार्षद सिद्धेश्वरी सिंह , अभिषेक शर्मा, आदित्य अग्रवाल, राजा सोनी ,कमल अग्रवाल, चिराग अग्रवाल, मुकेश अग्रवाल, अमन डालमिया, सूर्य प्रकाश गुप्ता ,परमेंद्र सिंह ठाकुर, पिंटू यादव, रोशन राठौर ,लखन नामदेव सूरज देवांगन ,दीपक राठौर, परमेश्वर साहू , हेमंत यादव, मनोज सोनी, रूपनारायण पटेल उपस्थित थे।

राज्य महिला आयोग अध्यक्ष ने महिला उत्पीड़न प्रकरणों पर की सुनवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ किरणमयी नायक एवं सदस्य श्रीमती अर्चना उपाध्याय ने कलेक्टोरेट कार्यालय सभाकक्ष में महिला उत्पीडन से संबंधित प्रस्तुत प्रकरणों पर जनसुनवाई की। छत्तीसगढ़ महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. किरणमयी नायक की अध्यक्षता में 247 वीं सुनवाई हुई। जांजगीर-चांपा जिले में कुल 9वी सुनवाई है।

आज की सुनवाई के दौरान एक प्रकरण में दोनो पक्ष उपस्थित थे। आवेदिका के दो बच्चे है आवेदिका लगभग दो वर्षों से अपने मायके में निवास कर रही है। दोनो पक्षों के बीच सुलहनामा का प्रयास कराया गया जो असफल रहा। अनावेदक पति ए.सी.सी.एल. में जनरल मजदूर कैटेगिरी में कार्य करता है। जिसका कुल वेतन 54 हजार एवं कटने के बाद कुल वेतन 36 हजार है का पे-स्लिप आयोग में प्रस्तुत किया। इसके बावजूद पिछले डेढ साल से अपनी पत्नि और बच्चों को कोई भी राशि भरण-पोषण में नही दे रहा है। उसका कहना है कि उसे बच्चों से मिलने नही दिया जाता। आयोग के द्वारा दोनो पक्षों का समझाने का



मामलों की सुनवाई करती राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष किरणमयी नायक।

काफी प्रयास किया गया कि दोनो बच्चों के हित में आपस में सुलहनामा करलें और भरण-पोषण राशि के एवज में राशि तय कर ले इस पर अनावेदक ने पांच हजार रुपये देने का प्रस्ताव दिया जिसे आवेदिका ने लेने से इंकार किया आवेदिका न्यायालय में अपने प्रकरण का निराकरण चाहती है। प्रकरण नस्तीबद्ध किया गया। आवेदिका अन्नुराबिया प्रधान दैनिक मजबूरी के पद पर बम्हनीडीह के अफरीद ग्राम रसोईया के पद पर कार्यरत थी। उसे जुलाई 2020 से जून 2022 के बकाया वेतन पाने के लिए आयोग के समक्ष शिकायत प्रस्तुत किया है। उक्त अवधि का 1 लाख 40 हजार रुपए का वेतन अब तक अनावेदक के द्वारा प्रस्तुत अभिलेखन का अवलोकन किया गया। जिस में आवेदिका की अधीक्षिका का हस्तलिखित पत्र भी है कि आवेदिका ने कार्य किया है। इसलिए बीच-बीच में हॉस्टल की चौकीदारी करने को कहा था और आवेदिका ने काम किया था फिर भी आवेदिका को अनुपस्थित बताने के लिए उपस्थिति पंजी जो प्रस्तुत किया गया है। एक ही पंजी में अलग-अलग गांवों में कार्यरत कर्मीयों का उपस्थिति में हस्ताक्षर को आधार मानकर आवेदिका का वेतन काटा गया है। जिसमें आवेदिका के नाम के कॉलम के सामने लगातार ''पी'' अर्थीक प्रेजेंट लगा है। एक ही रजिस्टर में अलग-अलग गांवों के कर्मियों की उपस्थिति प्रतिदिन दर्ज किया जाना असंभव है।

तकनीकी सहायक को हटाने सरपंच एवं सचिव संघ हुआ लामबंद, दुव्यर्वहार का लगाया आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ बम्हनीडीह

जनपद पंचायत बम्हनीडीह के मनरेगा विभाग में पदस्थ तकनीकी सहायक को हटाने सरपंच व सचिव संघ ने मोर्चा खोल दिया है। तीन दिनों के भीतर कार्रवाई नहीं होने की स्थिति में उग्र आंदोलन की चेतावनी दी गई है।

ज्ञात हो कि बम्हनीडीह ब्लॉक अन्तर्गत मनरेगा विभाग में पदस्थ तकनीकी सहायक को ब्लॉक कार्यालय से हटाने के लिए पूरा सरपंच संघ जनपद पंचायत बम्हनीडीह लामबंद हो गया है। सरपंचों का आरोप है कि तकनीकी सहायक को जिस जिस पंचायतों का प्रभार मिला है, वहाँ के सरपंचों,जनप्रतिनिधियों और आम लोगो के साथ उसका व्यवहार बहुत ही ख़राब है। पंचायत के लोगो से दुर्व्यवहार किया जाता है। पंचायत के विकास कार्यों का मूल्यांकन में



आना कानी करते हुए दुव्यर्वहार किया जाता है। सरपंच संघ एवं सचिव संघ के द्वारा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत बम्हनीडीह को लिखित आवेदन देकर तकनीकी सहायक को तत्काल हटाने की माँग की है तीन दिवस में नहीं हटाने की स्थिति में सरपंच संघ द्वारा ब्लॉक मुख्यालय में अनिश्चित क़ालीन धरना प्रदर्शन किया जाएगा। जिसकी सभी जवाबदारी प्रशासन की होगी। इधर सचिव संघ के अध्यक्ष लीना दिनेश राठौर का कहना है कि अगर तकनीकी सहायक की तीन दिवस के भीतर नहीं हटाया जाएगा, तो संघ द्वारा अनिश्चित क़ालीन धरना प्रदर्शन ब्लॉक मुख्यालय में किया जाएगा। जिसकी समस्त जवाबदारी प्रशासन की होगी। इस संबंध में अधिकारियों को लिखित में आवेदन सौंपकर कार्रवाई की मांग की गई है।

सौंपा गया है ज्ञापन

जनपद कार्यालय में पदस्थ तकनीकी सहायक को मुख्यालय में हटाने ज्ञापन सौंपा गया है। उसके द्वारा जनप्रतिनिधियों के साथ ही साथ आम जानता से भी अभद्र व्यवहार किया जाता है।

-मोनिका तूफ़ान सिंह चंदेल ,
अध्यक्ष
सरपंच संघ बम्हनीडीह

कलेक्टर एवं एसपी ने ली इनफोर्समेंट एजेंसियों की बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी आकाश छिकारा एवं पुलिस अधीक्षक विवेक शुक्ला ने कलेक्टोरेट कार्यालय सभाकक्ष में इनफोर्समेंट एजेंसियों की बैठक ली। बैठक में कलेक्टर ने सभी

खास बात

- आचार संहिता के दौरान अवैध परिवहन पर कड़ी निगरानी के दिए निर्देश

इनफोर्समेंट एजेंसियों के अधिकारियों को प्रलोभनरहित, निष्पक्ष एवं भयरहित निर्वाचन के लिए आपसी समन्वय से सक्रियतापूर्वक काम करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी एजेंसियों को आपस में बेहतर तालमेल, संवाद और सूचनाओं का आदान-प्रदान सुनिश्चित करते हुए निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण का कार्य प्रभावी तरीके



से करने निर्देशित किया। कलेक्टर ने लोकसभा निर्वाचन के लिए आदर्श आचार संहिता के दौरान नगदी, अवैध शराब, मादक पदार्थों, कीमती वस्तुओं और अवैध परिवहन पर कड़ी निगरानी के निर्देश दिए। बैठक में जप्ती से संबंधित विस्तृत बिन्दुओं पर आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्टर ने इनफोर्समेंट एजेंसीज द्वारा गठित टीमों की कार्रवाई के दौरान नागरिकों की सुविधाओं का ध्यान रखने की बात कही। उन्होंने कहा कि लोगों को अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े, इसका भी ख्याल रखें। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि राज्य में लोकसभा आम निर्वाचन के लिए आदर्श आचार संहिता के प्रभावी होने के बाद सभी इनफोर्समेंट एजेंसी को सतर्क और सक्रिय रहने के निर्देश दिए। चेकिंग के दौरान अवैध वस्तु पाये जाने पर नियमानुसार सख्त कार्यवाही करें। सभी विभाग आपस में समन्वय बनाकर कार्य करें। बैठक में अपर कलेक्टर एस पी वैद्य, जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी गोकुल कुमार रावटे, उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती निशा नेताम मड़ावी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, वाणिज्यकर अधिकारी, आबकारी अधिकारी, कोषालय अधिकारी, लीड बैंक मैनेजर सहित संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

विडियो निगरानी दल एवं उड़नदस्ता टीम को दिया गया प्रशिक्षण

आगामी लोकसभा निर्वाचन 2024 के परिप्रेक्ष्य में जिले में तैयारियां शुरू कर दी गई है। बुधवार 13 मार्च को कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आकाश छिकारा की उपस्थिति में ऑडिटोरियम में एसएसटी, एफएसटी, विडियो निगरानी दल एवं उड़नदस्ता दलों को में प्रशिक्षण दिया गया। कलेक्टर श्री छिकारा ने कहा कि निर्वाचन एक महत्वपूर्ण कार्य है, इसके लिए आयोजित प्रशिक्षण को गंभीरता से प्राप्त करें। उन्होंने सभी टीमों को अपने कर्तव्यों का निर्वहन पूरी ईमानदारी एवं सजगता से करने कहा। उन्होंने लोकसभा निर्वाचन के दौरान विडियो निगरानी दल, उडनदस्ता दल एवं स्थैतिक निगरानी दल के कार्यों के संबंध में जानकारी दी। इस दौरान अपर कलेक्टर एस पी वैद्य, उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती निशा नेताम मड़ावी एवं संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

किसान स्कूल में 43 लोगों ने कराया नेत्र परीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहेराडीह

बेहतर जीवन के लिये आँख का देखभाल करना बहुत ही जरूरी होता है। वैसे सामान्यतः 40 साल के उम्र में आँख में कई तरह की परेशानी हो सकता है।जिसमें ग्लाकोमा भी शामिल है।

उक्त बातें किसान स्कूल बहेराडीह में कलेक्टर आकाश छिकारा व सीएमएचओ डॉ वंदना सिसोदिया के मार्गदर्शन पर जिला स्वास्थ्य समिति, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन द्वारा आयोजित नेत्र परीक्षण शिविर कार्यक्रम में जिला चिकित्सालय के नेत्र विशेषज्ञ डॉ निकिता खेस ने ब्यक्त किया। उन्होंने लोगों को 12 मार्च से 18 मार्च तक जिले में चलाई जा रही विश्व ग्लाकोमा सप्ताह कार्यक्रम के बारे में जानकारी देते हुये ग्लकोमा के लक्षण के संबंध में बताया कि नजर कमजोर होना या धुंधला दिखाई देना, आँखों और सिर में तेज दर्द होना, आँख लाल होना, रोशनी के चारों ओर रंगीन छल्ले दिखना, जी मिचलना, उल्टी होना आदि शामिल हैं। वहीं ग्लाकोमा होने का मुख्य कारण बुढापा, मायोपिया, आँख की



शिविर में जांच कराने पहुंचे मरीज।

सर्जरी, पारिवारिक इतिहास ग्लूकोमा का तथा एकाधिक चिकित्सा स्थितिया आदि है। शिविर में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बलौदा के नेत्र सहायक अधिकारी डॉ बी एन यादव ने बताया कि ग्लूकोमा का उपचार लक्षण के प्रबंधन दर्द को खत्म करने और रोग की प्रगति को रोकने और पूर्ण इलाज में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। नेत्र सहायक अधिकारी डॉ एस के चंदन ने बताया कि जीवन के बेहतर गुणवत्ता के लिए ग्लूकोमा का शीघ्र पता लगाना और समय पर उपचार करना बहुत ही आवश्यक होता है। शिविर में जिला चिकित्सालय के नेत्र विशेषज्ञ डॉ निकिता खेस समेत डॉ पी पी राठौर, एन एम ए के के थवाईत, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बलौदा नेत्र सहायक अधिकारी डॉ बी एन यादव, सारागांव बम्हनीडीह के नेत्र सहायक अधिकारी डॉ एस के चंदन, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र जर्वे ब के नेत्र सहायक अधिकारी डॉ एल पी कंवर, पीएचसी पंतोरा के नेत्र सहायक अधिकारी पी भारद्वाज, डॉ रामदयाल यादव, डॉ कैलाश बरेठ, डॉ लोमस यादव , किसान स्कूल के संचालक दीनदयाल यादव, पूर्व सरपंच मूरित राम यादव, पूर्व उपसरपंच जितेन्द्र कुमार यादव, कोसमन्दा के कृषक मित्र राजेश कुमार यादव, पुष्पा यादव, ललिता यादव प्रमुख रूप से उपस्थित थे। शिविर में नेत्र जाँच परीक्षण उपरांत आई ड्रॉप वितरण किया गया। शिविर में 43 लोगों का नेत्र का जांच परीक्षण किया गया। जिसमें राजाराम यादव, उर्मिला यादव, लक्ष्मीन यादव, फत्तेलाल कारके, भीषम, नेतराम यादव, सुजीत कश्यप, राधा बाई गोड़, ग्वालिन, सुशीला, श्यामा बाई, छत राम, दुखनी बाई, दयामती,मोंगरा, घसनिन बाई, दिनेश कुमार, छोटी, दुलार, सुनील कुमार, जोतराम यादव शामिल थे।

विदाई समारोह में विविध प्रकार के हुए आयोजन छात्र छात्राओं को किया गया पेन का वितरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ झरना

शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला झरना में विदाई समारोह का आयोजन रखा गया था। इस दौरान विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। वहीं छात्र छात्राओं को पेन का वितरण किया गया।

ज्ञात हो कि 12 मार्च को शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला झरना के 8 वीं के छात्र छात्राओं के लिए 7 वी के विद्यार्थियों के द्वारा विदाई समारोह 2023-24 का आयोजन किया गया था। जिसमे विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किये गए। 7 वीं के छात्रों द्वारा अपने 8 वी के छात्र छात्रओं का पुष्पवर्षा से स्वागत किया गया तथा



पेन से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में शासकीय माध्यमिक शाला, पूर्व माध्यमिक शाला झरना और शाउमावि झरना प्राचार्य भरत लाल कर्ष, प्रधानाध्यापक बेदराम सूर्यवंशी, शिक्षक विनोद कुमार शर्मा, दीपक कुमार लदेर, राकेश कुमार पैकरा, जी.एस. धीवर, चन्द्रविजय साहू, मनोज कुमार नायक, श्रीमती उमिता कंवर, उदयकांत राठौर, धीरेंद्र कुमार सूर्यवंशी, पूजा केंवट सहित शिक्षकों द्वारा छात्रों को पेन का वितरण किया गया ।

सीमा शर्मा बनी महिला कांग्रेस कमेटी की जिलाध्यक्ष



जांजगीर-चांपा। नगर पालिका परिषद जांजगीर नैला वार्ड नंबर 3 की पार्षद एवं सभापति श्रीमती सीमा शर्मा को डॉक्टर चरण दास महंत के अनुशंसा पर महिला कांग्रेस कमेटी के जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। आने वाले लोकसभा चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी को जीतने के लिए हर संभव प्रयास करूंगी श्रीमती सीमा शर्मा की नियुक्ति पर नगर के कांग्रेस महिला एवं जिले निष्ठावान महिला कार्यकर्ताओं में हर्ष व्याप्त है जिला अध्यक्ष बनने के बाद पामगढ़ की विधायक की विधायक श्रीमती शेष राज हरबंस छाप विधानसभा क्षेत्र के विधायक व्यास नारायण कश्यप नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष भगवान दास सभापति रामविलास राठौर पार्षद श्रीमती गंगोत्री संतोष गढ़वाल, पूर्व नगर महिला कांग्रेस अध्यक्ष हेमलता राठौर, जनपद पंचायत बलौदा उपाध्यक्ष नम्रता नामदेव, पार्षद प्रीतम कश्यप श्रीमती आबिद बेगम भगवती यादव, कांग्रेसी नेता दिनेश शर्मा, रवि पांडे, देवेश सिंह, विवेक सिसोदिया, विष्णु यादव, रामबिलास राठौर आदि उपस्थित थे।

आवश्यकता है
जगरानी देवी महाविद्यालय बाराद्वार जिला सक्ती में
1. कम्प्यूटर आपरेटर 6 पद **(स्नातक/कम्प्यूटर)**
2. कार्यालय सहायक 6 पद **(स्नातक/स्नातकोत्तर)**
: वेतनमान :
8000 से 14000 के बीच **(योग्यतानुसार)**
नोट - ईच्छुक अभ्यार्थी दिनांक 15 .03 .24 को सम्पूर्ण बायोडाटा के साथ जगरानी देवी महाविद्यालय बाराद्वार में 11 बजे से शाम 5 बजे तक मिलें ।





